प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री ने आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के साथ मनाई दीपावली, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया बल, बोले–टॉप डिफेंस एक्सपोर्टर में शामिल होना लक्ष्य।**
2. **झारखंड समेत देशभर में पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है प्रकाश पर्व दीपावली, काली पूजा की भी धूम, बाजार गुलजार।**
3. **झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार चुनाव से खुद को किया अलग, छह सीटों पर घोषणा के बावजूद किसी उम्मीदवार ने नहीं किया नामांकन, राजद और कांग्रेस को ठहराया दोषी।**
4. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन का कल आखिरी दिन, चुनावी रणक्षेत्र जीतने के लिए सभी दल सक्रिय, आरोप–प्रत्यारोप जारी।**
5.
6. **राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज बारिश का पूर्वानुमान, 23 से 26 अक्टूबर तक भी हल्की बारिश की संभावना, चौबीस अक्टूबर को कुछ इलाकों में आंधी और वज्रपात का अलर्ट।**

और अब समाचार विस्तार से

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के जवानों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि लोगों को अपने परिवार के साथ दीपावली मनाना पसंद होता है और वे भी यही करते हैं। इसी के तहत पिछले ग्यारह वर्षों से श्री मोदी हर साल देश के सैनिकों के साथ यह पर्व मनाते हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने जवानों की ऊर्जा और उत्साह की सराहना की। श्री मोदी ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा कि टॉप डिफेंस एक्सपोर्टर में शामिल होना हमारा लक्ष्य है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश में नक्सल उन्मूलन अभियान की भी चर्चा की और कहा कि 2014 के बाद से अब तक देश के 100 से ज्यादा जिले नक्सलवाद से मुक्त हो चुके हैं।

****

झारखंड समेत देशभर में प्रकाश का पर्व दीपोत्सव पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दीपावली पर मंदिरों, घरों और सार्वजनिक स्थानों को दीपों तथा रंगीन रोशनियों से सजाया गया है। दीपोत्सव को लेकर सभी में उमंग तथा उत्साह दिख रहा है और बाजार में भी काफी रौनक है। इस बार वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अभियान का भी दीपावली आयोजन में सकारात्मक असर दिख रहा है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनायें दी है। राज्यपाल ने अपने गृह नगर बरेली में दीपोत्सव मनाया। इस दौरान श्री गंगवार ने कहा कि दीपावली प्रमुख त्योहारों में से एक है जो लोगों को जोड़ता है।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई स्थानों पर दीपोत्सव के साथ आज काली पूजा का आयोजन हो रहा है। इस सिलसिले में पूजा समितियों की ओर से एक से बढ़कर एक भव्य पूजा पंडाल बनाये गए हैं। आज शाम इन पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। उधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर के टेल्को में काली पूजा समिति द्वारा आयोजित पंडाल का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में गंगा आरती की तर्ज पर भव्य आरती का आयोजन किया गया।

****

रामगढ़ के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके सिद्ध पीठ मंदिर में कार्तिक अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं और तांत्रिकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। कार्तिक अमावस्या पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। रजरप्पा मंदिर न्यास समिति के प्रधान पुजारी सुबोध पंडा ने बताया कि सालभर में आज ही के दिन माँ का दरबार चौबीस घंटे खुला रहता है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंच रहा है। इस श्रृंखला में पेश है संपत्ति क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों की भूमिका पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट।

****

उपराजधानी दुमका में इस वर्ष धनतेरस पर जीएसटी की दरों में कटौती का असर देखने को मिला। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार चुनाव से खुद को किनारा कर लिया है। छह सीटों पर घोषणा के बावजूद नामांकन के आखिरी दिन आज झामुमो के किसी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में महागठबंधन धर्म का पालन नहीं करने के लिए राजद और कांग्रेस को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी महागठबंधन के राजनीतिक दलों के क्रियाकलाप के आधार पर समीक्षा करेगी और महत्वपूर्ण निर्णय लेगी।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए कल नामांकन का आखिरी दिन है। संभावना है कि कल कुछ और उम्मीदवार पर्चा दाखिल कर सकते हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन समेत कुल सात उम्मीदवारों ने अब तक नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है। दीपोत्सव के बाद कल से चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान में तेजी आने की संभावना है। इधर पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने मौजूदा गठबंधन सरकार पर तीखा हमला बोला है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सत्ता के अहंकार में हैं।

****

राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने बताया है कि पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और सिमडेगा जैसे जिलों में आज गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं बाकी इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। कल जहां आकाश मुख्यतः साफ रहेगा वहीं 22 अक्टूबर को आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। आगामी 23 से 26 अक्टूबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं। कुछ इलाकों में 24 अक्टूबर को आंधी और वज्रपात की भी आशंका है, जिसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

****